**Brain International School**
Vikas Puri, New Delhi

## अर्धवार्षिक पुनरावृति

**विषय : हिंदी** **कक्षा – सात** **अगस्त ,2025**

## अपठित बोध

**प्रश्न 1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

आज जब मैं वर्षों की अध्यापन यात्रा पर दृष्टि डालता हूँ तो महसूस करता हूँ कि शिक्षा का स्वरूप समय के साथ बहुत बदल गया है। पहले छात्र गुरुओं को सर्वोच्च मानते थे। विद्यालय एक मंदिर था और अध्यापक उसका पुजारी किंतु आज समय बदल गया है – अब छात्र जानकारी इंटरनेट से प्राप्त करते हैं और मोबाइल उनकी जेब में चलता-फिरता ज्ञानकोश बन गया है। इस परिवर्तन ने जहाँ शिक्षा को आसान बनाया है वहीं एक चुनौती भी उत्पन्न की है – भावनात्मक जुड़ाव की कमी। पहले विद्यार्थी अपने गुरु को केवल ज्ञान का स्रोत नहीं बल्कि मार्गदर्शक, संरक्षक और आदर्श मानते थे। अब यह रिश्ता औपचारिक होता जा रहा है। तकनीकी साधनों ने शारीरिक दूरी तो पाट दी पर मन की दूरी बढ़ा दी। फिर भी एक सच्चे अध्यापक का दायित्व समाप्त नहीं होता। तकनीक एक साधन है लेकिन शिक्षक एक संस्कार है। आज के विद्यार्थी को न केवल ज्ञान की आवश्यकता है बल्कि उसे सही और गलत में भेद करना भी सिखाना है। यही कारण है कि मैं आज भी हर दिन कुछ नया सीखता हूँ – केवल पढ़ाने के लिए नहीं बल्कि उन्हें समझने और उनके मन तक पहुँचने के लिए। मैं मानता हूँ – तकनीक ज्ञान दे सकती है पर मूल्य केवल एक अध्यापक ही दे सकता है।

**1.लेखक के अनुसार आज का छात्र ज्ञान कहाँ से प्राप्त करता है?**
क) केवल अध्यापक से
ख) अपने माता-पिता से
ग) इंटरनेट और मोबाइल से
घ) केवल पुस्तकों से

**2. तकनीक ने शिक्षा में क्या कमी पैदा की है?**
क) समझ की
ख) भावनात्मक जुड़ाव की
ग) विषय-वस्तु की
घ) अध्यापक की संख्या की

**3.कथन**: आजकल विद्यार्थी अपने अध्यापक से भावनात्मक रूप से कम जुड़ते हैं।
**कारण**: तकनीकी साधनों ने ज्ञान आसान बना दिया है, पर मानवीय संबंधों में दूरी ला दी है|

क) केवल कथन सही है
ख) केवल कारण सही है
ग) दोनों सही हैं और कारण कथन की व्याख्या करता है
घ) दोनों गलत

4. लेखक शिक्षा में आए किस परिवर्तन की बात करता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

5. “तकनीक एक साधन है, शिक्षक एक संस्कार” – इस कथन का अपने शब्दों में अर्थ समझाइए।

**व्याकरण**

i) उचित सर्वनाम शब्द भरिए -
क) ______ घर पर नहीं है। (मैं, वह, ये)
ख) यह मेरी किताब है, वह _______ है। (तेरा, उसकी, उनका)
ग) बच्चा _______रो रहा है? (क्यों, क्या, कब)

ii) संज्ञा शब्द रेखांकित कर भेद का नाम लिखिए –
क) राधिका कहाँ जा रही हो ?
ख) हरियाली सबको भाती है |

iii) निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग , प्रत्यय व मूल शब्द अलग-अलग कीजिए –
अन्याय, खुशनसीब, चायवाला, बुनाई

iv) निम्नलिखित शब्द का विलोम बनाइए और उसे वाक्य में प्रयोग कीजिए |
आहार , धर्म , पतला

v) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए |
क) दूसरों के कार्य में बाधा डालना -
ख) वर्ष में एक बार होने वाला -

vi) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए |
आँख उठाना , आसमान टूट पड़ना

. vii) निम्नलिखित शब्दों के तद्भव रूप लिखिए|
क) कच्छप
ख) मत्सर
ग) मत्स्य
घ) वारिद

Viii) निम्नलिखित श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए |

क) आचार , अचार

ख) अयश , अयस

IX) दिए गए रिक्त स्थानों में रेखांकित शब्दों के लिंग परिवर्तन कर लिखिए |

क) चिड़ा और _______पंख फैला कर उड़ गए|

ख) मुझे इस कार्य के लिए दो सहायक और दो _____ की आवश्यकता है |

X)दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए –

पानी , पर्वत , किनारा , मनुष्य

XI) एकार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए –

अमूल्य, बहुमूल्य

ग्लानि , लज्जा

xii) कारक की उचित विभक्ति रिक्त स्थान में भरिए |

क) हम कलम ......... पत्र लिखते हैं।

ख) गुरुजी ने शिष्य ......... आशीर्वाद दिया।

ग) पिताजी ने बुरे साथ ......... मुझे बचाया।

घ) पानी गिलास ......... भरा है।

## वसंत

हम पंछी उनमुक्त गगन के

1)हम पंछी उन्मुक्त गगन के कविता में कवि पक्षियों के माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ?
2) कवि ने पिंजरे में बंद पक्षियों की तुलना किन-किन परिस्थितियों से की है?
3) कवि को किस बात पर आश्चर्य होता है कि मनुष्य क्यों नहीं समझ पाता?
4) पक्षी आज़ादी मिलने पर किन-किन स्थानों पर उड़ना चाहते हैं?

शाम एक किसान

1) 'अचानक मोर बोल उठा, मानो किसी ने कहा हो – 'सुनते हो'| इस पंक्ति से शाम के वातावरण में कौन-सा बदलाव आता है? लिखिए।
2) 'अंधकार दूर पूर्व में सिमटा बैठा भेड़ों के गल्ले-सा' — इस पंक्ति में अंधकार को किस रूप में दर्शाया गया है
3) 'पलाश के जंगल की अँगीठी' रूपक में कवि ने किस प्रकृति के सौंदर्य को दर्शाया है?
4) 'शाम एक किसान' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए |

कठपुतली

1)कठपुतली अपने जीवन में किस बात से असंतुष्ट है?

2) कविता में कठपुतली के मन की कौन-सी इच्छा व्यक्त हुई है?

3)  कठपुतली को अपनी डोर किसके हाथ में लगती है और वह इससे क्या महसूस करती है

4)कवि ने कठपुतली के माध्यम से मनुष्य के जीवन की कौन-सी सच्चाई बताई है?

हिमालय की बेटियाँ

1)प्रकृतिक दृष्टि से नदियों का क्या महत्त्व है ?

2)लेखक ने हिमालय की प्रशंसा कैसे की है ?

3)लेखक ने पाठ में नदियों का मानवीकरण कैसे किया है ?

4)पाठ के अंत में लेखक ने नदी को क्या माना ?

मिठाईवाला

1) बच्चे मिठाई वाले के आने का इंतज़ार क्यों करते थे?

2 ) दादी ने मिठाईवाले को कितनी गोलियां देने को कहा था ?

3) रोहिणी छत पर क्या कर रही थी? , वह नीचे क्या सुनकर आई ?

4) मिठाईवाला बच्चों से कैसा व्यवहार करता था?

अपूर्व अनुभव

1) 'अपूर्व अनुभव' पाठ में तोतो-चान केऔर यासुकि –चान के अनुभव में क्या अंतर था ?

2 ) तोतो-चान ने यासुकि –चान को पेड़ पर चढ़ाने में इतना परिश्रम क्यों किया ?

8) यासुकि –चान ने पेड़ पर चढ़ने के बाद तोतो-चान को क्या बताया ?

4) जापान में सभी बच्चो का अपना-अपना निजी पेड़  क्यों होता है ?

पापा खो गए

1 ) 'पापा खो गए' पाठ का नाम लेखक ने यह क्यों रखा होगा ?,सोचकर लिखिए |

2) परीक्षित कौन  था तथा  मास्टर जी को उससे क्या शिकायत थी ?

3) लड़की को सबने कैसे बचाया ?

4 ) 'पापा खो गए' पाठ में पेड़ और खंभे के बारे में दो-दो पंक्तियाँ लिखिए |

## रचनात्मक लेखन

क) लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए

मेरा भारत महान

ख) पुस्तक खो जाने पर अपनी कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए |

ग) पढ़ाई और खेलों के महत्व पर भाई-बहन के बीच संवाद लिखिए |

घ) मित्र के विवाह में शामिल होने का निमंत्रण संदेश लिखिए |

ङ) जल संरक्षण पर नारा लिखिए |